
## ● आकलन :



# ५.(अ) आओ, आयु बताना सीखो



(१) अपने मित्र को उसकी वर्तमान आयु में अगले वर्ष की आयु जोड़ने के लिए कहें । (२) उसे इस योगफल को ५ से गुणा करने के लिए कहें । (३) प्राप्त गुणनफल में उसे अपने जन्मवर्ष का इकाई अंक जोड़ने के लिए कहें । (४) प्राप्त योगफल में से ५ घटा दें । (५) घटाने के बाद जो संख्या प्राप्त होगी, उसकी बाईं ओर के दो अंक तुम्हारे मित्र की आयु है । इस सूत्र को उदाहरण से समझते हैं ।

मान लो, तुम्हारे मित्र की आयु १० वर्ष और जन्म वर्ष २००४ है तो–



(१) १० (वर्तमान आयु) + (अगले ११ वर्ष की आयु) = २१ (२) २१ × ५ = १०५

(३) १०५ + ४ = १०९ (४) १०९ – ५ = १०४


१०४ की बाईं ओर के दो अंक अर्थात १० वर्ष तुम्हारे मित्र की आयु है । इसी आधार पर अपने परिजनों, परिचितों, अन्य मित्रों को उनकी आयु बताकर आश्चर्य चकित कर सकते हो । प्रत्यक्ष करके देखो ।

❑ विद्‌यार्थियों की जोड़ियाँ बनाकर आयु बताने का खेल खेलवाएँ और उन्हें मजेदार पहेलियाँ बूझने के लिए दें । उन्हें इसी प्रकार के अन्य विषयों के भी खेल खेलने के लिए कहें । उनसे पहेलियों और खेलों का चित्रों सहित लिखित संग्रह करवाएँ और खेलवाएँ ।

## ● अंतर बताओ :

# (ब) महाराष्ट्र की बेटी

KJVFUE



❑ विद्‌यार्थियों से दोनों चित्रों को देखकर उनमें अंतर ढूँढ़कर बताने के लिए कहें । भारत के विभिन्न राज्यों के खानपान, पहनावा, आभूषण जैसे अन्य विषयों पर चर्चा कराएँ । उनमें समानता और विविधता बताते हुए लोगों के आपसी संबंधों को स्पष्ट करें ।